केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण

राजभाषा अनुभाग

*****

**कार्यालय ज्ञापन**

फा.स.-सीईए-एसवाई-27-27/1/2020-राजभाषा/ 26

दिनांक- 01 .09.2026

**विषय: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा 2026 के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

केविप्रा मुख्यालय में इस वर्ष दिनांक 14 सितंबर, 2026 से 29 सितंबर, 2026 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़े के दौरान सेवा भवन के द्वितीय तल के **सभागार (लेक्चर हॉल)** में सभी प्रतियोगिताओं का आयोजन निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा:

(क) **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता**

- **दिनांक 17 सितंबर, 2026 (गुरूवार) - पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक।**

प्रतिभागियों को दिए गए 3-4 समसामयिक विषयों में से किसी एक विषय पर 1 घंटे की समयावधि में हिंदी में सारगर्भित निबंध लिखना होगा। निबंध का विषय प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

**पुरस्कार:** प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ख) **हिंदी टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता**

- **दिनांक 17 सितंबर, 2026 (गुरूवार) - अपराह्न 12.00 से 1.00 बजे तक।**

प्रतियोगिता का प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

**पुरस्कार:** प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ग) **राजभाषा नियम/अधिनियम तथा हिंदी भाषा/साहित्य संबंधी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता**

- **दिनांक 18 सितंबर, 2026 (शुक्रवार) - पूर्वाह्न 11.00 से 12.00 बजे तक।**

50 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**पुरस्कार:** प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(घ) **केविप्रा के अधिकारियों के लिए स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता**

- **दिनांक 18 सितंबर, 2026 (शुक्रवार) - अपराह्न 12.00 से 1.00 बजे तक।**

कविता पाठ प्रतियोगिता हेतु काव्य रचना का मौलिक होना आवश्यक है।

**पुरस्कार:** प्रथम पुरस्कार - 2000 रुपए
द्वितीय पुरस्कार - 1500 रुपए
तृतीय पुरस्कार - 1000 रुपए

(ङ) <u>**गैर-राजपत्रित कार्मिकों के लिए हिंदी अनुच्छेद लेखन प्रतियोगिता**</u>

- **दिनांक 18 सितंबर, 2026 (शुक्रवार) - अपराह्न 4.00 से 5.00 बजे तक।**

प्रतियोगिता का प्रश्न पत्र प्रतियोगिता के दौरान ही बताया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| पुरस्कार: | प्रथम पुरस्कार | - 2000 रुपए |
| | द्वितीय पुरस्कार | - 1500 रुपए |
| | तृतीय पुरस्कार | - 1000 रुपए |

2. उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि कृपया अपने नाम, पदनाम, प्रभाग/अनुभाग का नाम, मोबाइल नं, प्रतियोगिता जिसमें भाग लेना चाहते हैं, पुरस्कार राशि के अंतरण हेतु अपने बैंक खाते का विवरण तथा अपनी ई-मेल आईडी सहित पूर्ण विवरण दिनांक 15 सितंबर, 2026 तक राजभाषा अनुभाग की ई-मेल **rajbhasha-cea@gov.in** पर भिजवाने का कष्ट करें।

3. कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए काव्य का स्वरचित होना अपेक्षित है। गैर-स्वरचित कविता/काव्य पाठ पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. उक्त सभी प्रतियोगिताओं के प्रश्न पत्र तैयार करने एवं उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य अध्यक्ष, केविप्रा के अनुमोदन से गठित मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा, जिसका निर्णय सर्वमान्य होगा तथा निर्णय के संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. पखवाड़े के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा जिसकी सूचना अलग से परिपत्र के माध्यम से दे दी जाएगी।

6. केविप्रा मुख्यालय के सभी नियमित अधिकारियों/कर्मचारियों (आयोजन एवं मूल्यांकन समिति के सदस्यों को छोड़कर) से अनुरोध है कि वे कृपया उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में भाग लें तथा अपने अधीनस्थ कर्मियों को भी प्रतिभागिता हेतु प्रेरित करें। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं की घोषणा के साथ-साथ नकद पुरस्कार योजना के विजेताओं की घोषणा एवं सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले 02 प्रभागों/अनुभागों को चल वैजयंती भी प्रदान की जाएगी। **दिनांक 30 सितम्बर, 2026 को अपराह्न 3.30 बजे से अध्यक्ष महोदय, केविप्रा की अध्यक्षता में** पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

यह राजभाषा प्रभारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

01/09/26

(शेफ़ाली दुष्यन्त)
सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रभारी

**सेवा में,**

1. **केविप्रा मुख्यालय के सभी नियमित अधिकारी/कर्मचारीगण**
2. **मूल्यांकन समिति-1 के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य**
3. **निदेशक, सेवाएं प्रभाग, केविप्रा कृपया उपर्युक्त तिथि एवं समय पर द्वितीय तल स्थित सभागार (ऑडिटोरियम) आरक्षित करवाने की कृपा करें।**